# न्यायालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, लातेहार।

**भूमि बिक्री अनुमति वाद संख्या-34/2022**

**जावेद खान**

**बनाम्**

**मेसर्स हिन्डाल्को इन्डस्ट्रीज लिमिटेड**

## -: आदेश :-

आवेदक जावेद खान, पिता-मोहफील खान, ग्राम+पो0-चकला, थाना-चन्दवा, जिला-लातेहार के द्वारा छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम, 1908 की धारा 49 के तहत् चकला खुली कोयला खदान परियोजना, चकला, चन्दवा के लिए मेसर्स हिन्डालको इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, अहुरा केन्द्र, प्रथम तल्ला, बी0 विंग, महाकाली गुफा रोड अंधेरी (पूर्व) मुम्बई-400093 वर्तमान पता चकला खुली कोयला खदान परियोजना, ग्राम+पो0-चकला, थाना-चन्दवा, जिला-लातेहार के पक्ष में अपनी रैयती भूमि को बिक्री हेतु अनुमति के लिए आवेदन समर्पित किया गया है :-

**भूमि का विवरण**

| मौजा | खाता नं0 | प्लॉट नं0 | रकबा (एकड़ में) |
|---|---|---|---|
| चकला | 167 | 2064 | 0.40 एकड़ |

अंचल अधिकारी, चन्दवा के पत्रांक 523 दिनांक 15.09.2022 एवं पत्रांक 584 दिनांक 03.11.2022 से प्रश्नगत भूमि की स्थलीय जांच प्रतिवेदन एवं आम इस्तेहार प्राप्त हुआ। अंचल अधिकारी, चन्दवा के द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि आवेदित भूमि रैयती भूमि है एवं मांग पंजी-II स्वयं आवेदक के नाम से दर्ज है। आवेदक CNT Act. के जाति की सूची में नहीं है तथा भूमि आवेदक के दखल कब्जे में है। भूमि बिक्री के लिए पूर्वानुमति की अनुशंसा की गयी है।

आवेदक एवं मेसर्स हिन्डाल्को इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के विद्वान अधिवक्ता को सुना। अंचल अधिकारी, चन्दवा से प्राप्त जांच प्रतिवेदन एवं संबंधित अन्य दस्तावेजों का अवलोकन किया।

